63

अमर उजाला मेरठ | बुधवार, 6 फरवरी 2019 4




शामली में राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के दोरान रैली निकालती आरके डिग्री कॉलेज की छात्राएं। अमर उजाला

## छात्राओं ने लोगों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**शामली।** आरके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। उधर, वीवीपीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण व जनसंख्या नियंत्रण पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। आरकेपीजी कालेज की एनएनएस प्रथम इकाई के शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर बली पटेल के निर्देशन में प्रथम चरण में समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। दूसरे चरण में स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। पोस्टरों और नारों से नागरिकों को नश, धूम्रपान, तंबाकू आदि छोड़ने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डाक्टर केपी सिंह, डाक्टर मनोज कुमार, डाक्टर पीके सिंह, शिवानी शर्मा, सुनील, लोकेंद्र आदि मौजूद रहे। उधर, वीवी पीजी कालेज की प्रथम व द्वितीय इकाई के मोहल्ला रामसागर में शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर नीना छोकरा ने किया। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर भूपेंद्र सिंह, डाक्टर मंजू मगन ने स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। डाक्टर अनुप्रीता ने योग ध्यान का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं को स्वरोजगार व आधुनिक कृषि के गुर सिखाए गए। डाक्टर मंजू मगन, डाक्टर भूपेंद्र कुमार, डाक्टर प्रताप कुमार, जीएन यादब, पूजा, डाक्टर छवि, डाक्टर बबली, भीष्म, विनय जैन, संजीव गर्ग अरविंद, अरुण, रितिका, फिरदौस, नेहा, पारुल, डोली का सहयोग रहा।

6 शामली ▶ 6 फरवरी, 2019 ▶ बुधवार @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI

# स्वयंसेवकों को दिया योग और ध्यान का प्रशिक्षण

● नशा, धूम्रपान और तम्बाकू से बचाव की अपील

**शामली दीपक वर्मा (पंजाब केसरी):** वीवी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के मौहल्ला रामसागर व ब्लाक रोड पर चल रहे शिविर में छात्र-छात्राओं को योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया गय

वीवी पीजी की रासेयो का शिविर मौहल्ला रामसागर व ब्लाक रोड पर मंगलवार को भी जारी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कार्यक्रमाधिकारी डा. नीना छोकरा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर शिविरार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया तथा साफ सफाई की। इसके पश्चात डा. अनुप्रिता द्वारा शिविरार्थियों को योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि ध्यान द्वारा छात्र-छात्राएं एकाग्रता शक्ति को बढाते हुए परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भीष्म कुमार द्वारा शिविरार्थियों को स्वरोजगार संबंधी जानकारी दी गयी एवं उन्हें



योग और ध्यान का प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

आधुनिक कृषि के गुर सिखाए गए। शिविर के द्वितीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं जनसंख्या नियंत्रण पर स्लोग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर डा. मंजू मगन, डा. भूपेन्द्र कुमार, डा. प्रताप कुमार, जीएन यादव, डा. नीना छोकरा, पूजा, डा. छवि, डा. बबली, डा. अनुप्रिता, विनय जैन, संजीव गर्ग, अरविन्द, रितिका, फिरदौस, नेहा, पारूल, डोली आदि भी मौजूद रहे। वहीं आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यक्रमाधिकारी डा. चंद्रबली पटेल द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम चरण में समाज में व्याप्त बुराईयां व उनके निराकरण पर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ-चढकर भाग लिया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के नारों, पोस्टरों एवं लोगों से सीधा संवाद कर नशा, धूम्रपान, तम्बाकू आदि से बचाव की सलाह दी। तृतीय चरण में डा. केपी सिंह व डा.मनोज कुमार द्वारा छात्राओं को एनएसएस केदौरान सीखे हुए गुणों को स्वयं, परिवार एवं समाज में विस्तार लाने के लिए उत्प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. पीके सिंह, शिवानी शर्मा, सुनील, लोकेन्द्र कुमार आदि भी मौजूद रहे

(58)

अमर उजाला मेरठ | बृहस्पतिवार, 7 फरवरी 2019 4

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

शामली। राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज में सेवा योजना तृतीय इकाई के शिविर में चौथे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने लोगों को अपने मत का प्रयोग करने लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर चंद्रबली पटेल द्वारा सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। शिविर के प्रथम सत्र में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाद में स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अंतिम चरण में डॉ. आरपी सिंह, डॉ. एमसी जैन, डॉ. पीके सिंह ने स्वयं सेविकाओं ने टाइम मैनेजमेंट, हेल्थ मैनेजमेंट और परीक्षाओं की कठिनाइयों से उभारने के लिए आसान तरीके बताए। मौके पर डॉ. सौरभ कुमार पांडे, शिवानी शर्मा, सुनील, लोकेंद्र कुमार मौजूद रहे।

4 | दैनिक जनवाणी मेरठ, गुरुवार, 7 फरवरी 2019

## एनएसएस कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना क तृतीय ईकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ डा. चंद्रबली पटेल ने किया। शिविर के प्रथम सत्र में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम किया। जिसके बाद एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसमें स्वयं सेविकाओं ने लोगों को मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रोफेसर आरपी सिंह, डा. एमसी जैन एवं डा. पीके सिंह ने स्वयं सेविकाओं को हैल्प मैनेजमेंट एवं उनकी परीक्षा एव उनसे पहले होने वाली कठिनाईयों से उभरने के उपाये बताये। इस अवसर पर डा. सौरभ कुमार, शिवानी शर्मा, सुनील, लोकेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

(62)



# छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली

## वीवी कालेज और आरके कालेज में रासेयो शिविर का पांचवां दिन

अमर उजाला ब्यूरो

शामली। वीवी पीजी कालेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर में बृहस्पतिवार को पांचवें दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली का शुभारंभ प्राचार्या डॉक्टर वंदना ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जनसंख्या नियंत्रण, स्वच्छता, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति आदि विषयों पर स्लोगन और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर भूपेन्द्र सिंह और डाक्टर मंजू मगन ने किया। शिविर के दूसरे चरण में आंध्रा बैंक ब्रांच मैनेजर पुनीत कुमार ने शिविरार्थियों को बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

उधर, राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर चंद्रबली ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं राष्ट्रगान से किया। प्रथम सत्र में डाक्टर सौरभ पांडेय के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का महत्व, शिक्षा का बाजारीकरण, उच्च शिक्षा में सुधार के उपाय एवं राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों के योगदान आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके बाद हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डाक्टर मनोज चौधरी ने स्वयं सेविकाओं के ब्लड ग्रुप एवं अन्य जांच की गई। तीसरे चरण में डाक्टर आरपी सिंह, डाक्टर ओंकार सिंह और डाक्टर अजय कुमार ने स्वयं सेविकाओं को लीडरशिप के गुण विकसित करने पर जोर दिया। मौके पर गौरवपाल, मनीष ठाकुर, शिवानी शर्मा, सुनील और लोकेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## यातायात नियमों की जानकारी दी

शामली/बाबरी। परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे 30वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर आधारित जादूगर एमए पाशा ने विभिन्न करतब दिखाते हुए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा चार फरवरी से सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। एआरटीओ मुंशीलाल ने बताया कि सप्ताह के चौथे दिन विजय चौक के निकट प्राइवेट बस स्टैंड पर मिशिका सोसाइटी मेरठ द्वारा जादूगर एमए पाशा ने जादू के विभिन्नि करतब दिखाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान वाहन चालकों को दोपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर चलने पर जोर दिया। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा ब्रह्मज्योति पब्लिक स्कूल कासमपुर में भी जादूगर एमए पाशा ने जादू के खेल दिखाकर कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र छात्राओं, शिक्षिकाओं और अभिभावकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। मौके पर भाजपा नेता प्रसन्न चौधरी, स्कूल प्रबंधक सतेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य मीनाक्षी, जिला पंचायत सदस्य देशराज भनेड़ा, मिन्टू प्रधान, मिशिका सोसाइटी के कोर्डिनेटर ऋषि कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

(19)

अमर उजाला | शामली | मेरठ | बुधवार, 20 नवंबर 2019 | 3



आरके डिग्री कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलातीं एनएसएस की छात्राएं।

## छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया

शामली। राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई के शिविर में राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के तहत महाविद्यालय में छात्र छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया गया। रसायनिक वेस्ट रिसाइक्लर द्वारा एकत्र कूडे का निस्तारण किया गया।

मंगलवार सुबह शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज के प्राचार्य डा. अरविंद कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डा. चंद्रबली पटेल द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण राष्ट्रगान के साथ किया गया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर में सफाई अभियान चलाया। प्रो. आरपी सिंह, डा. सौरभ कुमार पांडे ने स्वास्थ्य, उत्तम पठन पाठन पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डा. मनोज कुमार, डा. गीता देवी, डा. मांगेराम सैनी, सुनील, लोकेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

Regional Supplement of Punjab Kesari, Delhi | 8
उत्तर प्रदेश केसरी
20 नवम्बर, 2019, बुधवार

## आरके पीजी में रासेयो शिविर का शुभारंभ

**शामली,(पंजाब केसरी):** शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी ने स्वयंसेवकों को रासेयो के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया। स्वयंसेवकों ने कालेज प्रांगण में साफ सफाई कर कूडे को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। शहर के आरके पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. अरविन्द कुमार ने स्वयंसेवकों को रासेयो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सके उद्देश्यों एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वयंसेविकाओं ने प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के तहत कालेज परिसर में साफ सफाई की तथा कालेज में मौजूद रासायनिक वेस्ट रिसाइकलर द्वारा एकत्रित कूडे का समुचित निस्तारण किया गया। प्रो. आरपी सिंह, डा. सौरभ कुमार पांडे ने स्वयंसेविकाओं को साफ सफाई, उनके स्वास्थ्य, उत्तम पठन पाठन, नियमित दिनचर्या आदि के बारे में बताया। शिविर में डा. मनोज कुमार, डा. गीता आदि भी मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर/शामली

4 | दैनिक जनवाणी मेरठ, रविवार, 12 जनवरी 2020

## संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

शामली। शहर के आरके पीजी कॉलेज में भारतीय संविधान पर आधारित एक संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डा.अरविंद कुमार ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ ग्रहण कराई गई और संविधान की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। संविधान प्रतियोगिता का संचालन एनएसएस तृतीय ईकाई के अधिकारी डा.चंद्रबली पटेल ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मनोज कुमार, सौरभ कुमार पांडे, मांगेराम सैनी रहे। प्रतियोगिता के कुल पांच टीमों का चयन किया गया। प्रतियोगिता पांच चक्रों में की गई, जिसमें 10 प्रश्न दिए गए थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त रने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर आरपी सिंह ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए।

# शामली जागरण

6 दैनिक जागरण मेरठ, 12 जनवरी 2020

## डा. आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प

**सम्मान**

- संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह
- प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण संवाददाता, शामली : राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में भारतीय संविधान पर आधारित एक संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रतियोगिता में पांच टीमों का चयन किया गया। जिसमें सर्वोच्च अंक पाने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आरके पीजी कालेज में भारतीय संविधान पर आधारित संविधान ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अरविंद कुमार द्वारा संविधान शिल्पी बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर सभागार में मौजूद शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। संविधान की रक्षा एवं पालन के लिए हरसंभव कोशिश करने का आह्वान किया। संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का संचालन एनएसएस यूनिट के प्रभारी डा. चंद्रबली पटेल ने किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डा. मनोज कुमार, डा. सौरभ पांडेय एवं डा. मांगेराम सैनी शामिल रहे।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए पांच टीमों का चयन किया गया। जिसे ग्रुप ए, बी, सी, डी व ग्रुप ई का नाम दिया गया था। प्रतियोगिता को पांच चक्रों में पूरा किया गया। प्रत्येक चक्र में 10 प्रश्न थे। प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर आरपी सिंह समेत विभिन्न शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहें।

अमर उजाला - शामली

मेरठ | रविवार, 12 जनवरी 2020 7

## संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई

शामली। राष्ट्रीय किसान पीजी कालेज में भारतीय संविधान पर आधारित एक संविधान ज्ञान प्रतियोगिता क्विज आयोजित की गई। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अरविंद कुमार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को संविधान की रक्षा पालन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल टीम में शामिल डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सौरभ कुमार पांडे, मांगेराम सैनी आदि ने पांच टीमों को चयन किया गया। छात्र-छात्राओं और प्रवक्ता आरपी सिंह ने संविधान पर विचार व्यक्त किए। संचालन एनएसएस यूनिट तृतीय के प्रभारी डॉक्टर चंद्रबली पटेल द्वारा किया गया। संवाद

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर

शामली जागरण | मेरठ, 25 जनवरी 2020 दैनिक जागरण 7




आरके पीजी कॉलेज में नेकी की दीवार बनाने के दौरान छात्राएं एवं शिक्षक •सौः कॉलेज प्रबंधन

# नेकी कर और दीवार पर टांग

**मदद**

- राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में की गई नेकी की दीवार की स्थापना
- घर के अतिरिक्त कपड़ों को जरूरतमंदों के लिए किया एकत्र

**जागरण संवाददाता, शामली :** राष्ट्रीय किसान (आरके) पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। कॉलेज परिसर में नेकी की दीवार की स्थापना की गई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने घर के जरूरत से अधिक कपड़ों को दीवार पर टांगा, जिससे इनका प्रयोग जरूरतमंद लोग कर सकें।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रबली पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य ने कहा कि हमें जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करनी चाहिए। नेकी की दीवार की स्थापना भी इसी उद्देश्य से की गई है। हमारे पास जरूरत से अधिक कपड़े होते हैं और ये कपड़े जरूरतमंदों के काम आ सकते हैं। अन्य सामान भी हम दीवार पर टांग सकते हैं। इससे पहले कॉलेज परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया। साथ ही फिट इंडिया मूवमेंट के तहत छात्राओं ने प्रणायाम और अन्य व्यायाम भी किए। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई।

छात्राओं ने स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों से मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का आह्वान किया। इसके अलावा नशे से दूर करने के लिए भी जागरूक किया गया। शिविर के अंतिम चरण में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में शामिल छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रोफेसर आरपी सिंह, डॉ. सौरभ कुमार पांडेय, डॉ. मांगेराम सैनी, डॉ. गीता देवी, डॉ. विनीता कुमारी, लोकेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

(49)


दैनिक
नवचेतन सत्यभाष | मंगलवार, 09 मार्च 2021 | 5

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं ने निकाली महिला जागरूकता रैली

**सत्यभाष संवाददाता**

**शामली।** आरके पीजी कालेज शामली में राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन का अवसर पर मिशन शक्ति, कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं ने नारी शिक्षा, नारी जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एवं अन्य नारी सशक्ति करण संबंधी विषयों को उनकी सुरक्षा से संबंधित उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक चुनौतियों और समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न उपाय पर विस्तार से जानकारी



शुभारंभ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य की से किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा० चंद्र बली पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के को ध्यान में रखकर एक रैली का आयोजन किया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शामली ओ पी सिंह रहे। मुख्य अतिथि ओपी सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सेविकाओं दी। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डा० सौरभ कुमार पांडे, गीता देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लोकेंद्र कुमार,सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।